# किसने तुझको सजाया सांवरे भजन लिरिक्स

किसने तुझको सजाया सांवरे,
सांवरे, सांवरे, मेरे श्याम,
जब देखूं तुझको, जब देखूं तुझको,
भूल मैं जाऊं खुद को,
सांवरे सांवरे मेरे श्याम।bd।

---

आजा तेरी आज मैं नज़रें उतारूं,
सांवरे मैं तुझ पर नून राई वारुं,
दिल कहे बस मैं तुझको निहारूं,
दिल मेरा तुझपे ही आया सांवरे,
सांवरे सांवरे मेरे श्याम।bd।

---

'सर पे चंवर झूले सांवरे तिहारे,
काले काले मतवाले नैन कजरारे,
ज़ुल्फ़े घटाई सी छाया ये डाले,
सोना टीका मुखड़े का आया सांवरे,
सांवरे सांवरे मेरे श्याम।bd।

---

ऐसा सोचूं जब जब तुमको निहारूं,
अपने ये ज़िंदगानी तुमपे ही वारुं,
चरणों में रह के तेरे ज़िन्दगी संवारु,
साया तेरा विशु पे भी छाया सांवरे,
सांवरे सांवरे मेरे श्याम।bd।

---

किसने तुझको सजाया सांवरे,
सांवरे, सांवरे, मेरे श्याम,
जब देखूं तुझको, जब देखूं तुझको,
भूल मैं जाऊं खुद को,
सांवरे सांवरे मेरे श्याम।bd।

**Singer – Vishal Sanwariya**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com